बाबा के सेवक बन बैठे अब डरने की कोई बात नहीं लिरिक्स

बाबा के सेवक बन बैठे,
अब डरने की कोई बात नहीं,
जो इनकी शरण में रहते है,
किस्मत में उनके रात नहीं।bd।

तर्ज – दिल लूटने वाले।

हमें ऐसी बाती बना दो प्रभु,
जो तेरी कृपा से जलती रहे,
फिर उसको बुझा दे आंधी कोई,
इतनी उसकी औकात नहीं,
बाबा के सेवक बन बैठे,
अब डरने की कोई बात नहीं।bd।

दुनिया चाहे कुछ भी करले,
जैसे जो भी चाहे खेले,
सच्चे प्रेमी जो बाबा के,
उन बन्दों को कोई मात नहीं,
बाबा के सेवक बन बैठे,
अब डरने की कोई बात नहीं।bd।

कलयुग का राजा है बाबा,
ये दुनिया है इनके दम से,
इनकी सेवा गर मिल जाए,
उससे बढकर सौगात नहीं,
बाबा के सेवक बन बैठे,
अब डरने की कोई बात नहीं।bd।

बाबा के सेवक बन बैठे,
अब डरने की कोई बात नहीं,
जो इनकी शरण में रहते है,
किस्मत में उनके रात नहीं।bd।

Singer – Prakash Mishra

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com